## महत्वपूर्ण एवं खास



### विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर स्वच्छता रन कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़।** 19 नवंबर विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों में स्वच्छता रन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रायगढ़ विकासखंड एवं जिला पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता रन कार्यक्रम मिनी स्टेडियम रायगढ़ से प्रारंभ कर कमला नेहरू पार्क में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त कर्मचारी एवं नागरिकों के साथ नेहरू युवा केंद्र के सदस्य उपस्थित हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गई तथा प्रतियोगिता में शामिल लोगों को सर्टिफिकेट वितरण कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न कर्मचारियों के साथ-साथ नेहरू युवा केंद्र के युवा भाग लिए। इस मौके पर जिला पंचायत से एपीओ राजेश शर्मा, जिला समन्वयक निमिष कुमार साहू, स्वच्छ भारत मिशन जनपद पंचायत से सनत नायक, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायगढ़ उपस्थित रहे।

### सिटी फार्मेसी में युवती की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दिन पूर्व दयालबंद के सिटी फार्मेसी में भिलाई की रहने वाली प्रियंका सिंह का मर्डर कर लाश को अपने ऑफिस में छुपा रखा था। शव से बदबू आने के कारण युवक अपने हुंडई सैंटरो कार में भर कर कस्तूरबा नगर अपने घर ले आया कार के पीछे में शव को रखा था। जिसकी सूचना पुलिस को लग गई पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है आरोपी युवक आशीष साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### सीआरपीएफ ने 10 किलो का जिंदा आईईडी कन्टेनर बरामद किया

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सीआरपीएफ 231 वीं वाहिनी के जवान आज शनिवार को कमलपोस्ट से कोण्डासावली की ओर सर्चिंग पर निकले थे। कोण्डासावली से लगभग 600 मीटर की दूरी पर सीआरपीएफ के खोजी कुत्ते के ईशारे पर डॉग हैंडलर और बीडीडीएस की टीम ने आस-पास के इलाकों की सतर्कता से छानबीन की। इसी दौरान उन्हें कुछ तार दिखाई दिया, जिसकी जांच करने पर वहां 10 किलो का जिंदा आईईडी कन्टेनर नजर आया। जिसे बीडीडीएस की टीम ने बरामद कर निष्क्रिय कर दिया है। सीआरपीएफ की सक्रियता से नक्सलियों के नापाक मंसूबे को विफल कर दिया है।

# आने वाले दिनों में हर वार्डो एवं ग्रामीण इलाकों में शिविर के माध्यम से बनेगा श्रमिक कार्ड, अब ग्रामीण मुख्यालयों में भी खुलेगा श्रम कार्यालय

- मंडल की सभी योजनाएं श्रमिकों के लिए बन रही है मील का पत्थर- सुशील सन्नी अग्रवाल
- श्रमिक कार्ड बनवाकर शासन की श्रमिकों के लिए चलायी जा रही योजनाओं का ले सकते है लाभ
- श्रमेव एप के माध्यम से घर बैठे मजदूर बना सकते है अपना श्रमिक कार्ड



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ धरातल के लोगों को मिले इसके लिए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल द्वारा 22 श्रमिक हितैषी योजनाएं संचालित हो रही है। मंडल की ये सभी योजनाएं प्रदेश के श्रमिक जनों तथा उनके परिवारों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। उक्त बातें आज नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) सुशील सन्नी अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा श्रमिकों के लिए चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक ही चॉबी है श्रमिक कार्ड। शासन डीबीटी के माध्यम से इन सभी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों के खाते में दे रही है। इसलिए सभी पात्र हितग्राही श्रमिक कार्ड बनवाये एवं इन सभी योजनाओं का लाभ ले।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत से हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि अग्रवाल ने भगवान विश्वकर्मा एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू, बोर्ड मेम्बर दुर्गेश जायसवाल, पूर्व सभापति सलीम नियारिया, सागर सोलंकी, अनिल शुक्ला, अमृत काटजू, रानी चौहान, शेख ताजीम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) सुशील सन्नी अग्रवाल ने इस मौके पर मंडल की उन सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं उसका लाभ लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मजदूरों को श्रमिक कार्ड बनवाने के लिए या तो जिले के श्रम कार्यालय आना पड़ता था, या फिर यह किसी प्राईवेट च्वाईसं सेंटर में जाकर बनवाना पड़ता था। लेकिन अब जिले के साथ विकासखण्डों में भी श्रम कार्यालय खुलेगा, जिससे अब श्रमिकों को कार्ड बनवाने में आसानी होगी। इसी के साथ ही श्रमिक कार्ड आने वाले दिनों में हर वार्डो एवं ग्रामीण इलाकों में भी शिविर के माध्यम से भी बनाया जाएगा। उन्होंने मंडल द्वारा तैयार किए गए श्रमेव एप के बारे में भी जानकारी दी। इस एप के माध्यम से अब घर बैठे मजदूर एन्ड्राईड फोन के माध्यम अपना पंजीयन कर सकते है। जब से शुरू हुआ एप तब से आज तक जिले में 2400 मजदूरों ने स्वयं से अपना श्रमिक कार्ड बना लिया है। कार्यक्रम के शुभारंभ में अग्रवाल ने ऑडिटोरियम के बाहर बने पंजीयन काउंटर का भी शुभारंभ किया।

विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि श्रमिकों और उनके परिवार के कल्याण के लिए राज्य शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रमिक सम्मेलन एक बहुत ही अच्छा आयोजन है। इस प्रकार के आयोजन से श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिलती है, जिसका वे लाभ उठा सकते है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्गो के हित के लिए लगातार कार्य कर रही है। जिससे छत्तीसगढ़ के लोग सशक्त हो रहे है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और सभी श्रमिकों को संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु आग्रह किया।

**योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को मिला चेक-** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) सुशील सन्नी अग्रवाल ने आज श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान योजना के पात्र हितग्राहियों को चेक वितरण कर उन्हें सम्मानित किया। इनमें मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 3 हितग्राही अनिता जाटवर, अनुसूय्या गबेल एवं टिकेश्वरी चौहान को एक-एक लाख रुपये का चेक दिया गया। इसी तरह मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 5 हितग्राही माधवी सारथी, मंजु साव, सीमा साहू, साइत्री यादव एवं यशोदा सिदार को 20-20 हजार रुपये का चेक, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 5 हितग्राही नरेश कुमार साव, पदुम कुंवर, झुलबाई, गनेशी बाई चन्द्रा एवं गणेश मानिकपुरी को 20 हजार का चेक, मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा में मेरिट लिस्ट में आने वाले भूनेश्वर साव को 01 लाख रुपये, सोनीमती को 10 हजार 500 रुपये एवं कमलधर पटेल को 7 हजार 500 रुपये तथा नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत मनोहर यादव को 6 हजार, लक्ष्मीदास महंत को 3 हजार एवं टेकराम साहू को 1 हजार रुपये का चेक दिया गया।

**848 हितग्राहियों को मिले 01 करोड़ से रुपये से अधिक की राशि -** सहायक श्रमायुक्त विकास सरोदे ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल द्वारा संचालित योजनाओं में आज 848 लोगों को 01 करोड़ 41 लाख 29 हजार रुपये से लाभान्वित किया गया। इनमें महतारी जतन योजना के तहत 28 लोगों को 5 लाख 60 हजार रुपये, निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 3 हितग्राहियों को 3 लाख रुपये, मुख्यमंत्री नोनी सशिक्तकरण योजना में 629 हितग्राहियों को 01 करोड़ 25 लाख 80 हजार रुपये, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना मे 159 हितग्राहियों को 4 लाख 8 हजार रुपये, मेधावी छात्र/छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 28 हितग्राहियों के 01 लाख 81 हजार रुपये, मेधावी छात्र/छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत टाप टेन में आने वाले बच्चों में एक हितग्राही को 01 लाख रुपये की राशि से लाभान्वित किया गया है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन श्रम कल्याण निरीक्षक सोनम रवानी ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल एवं डॉ.नरेन्द्र पर्वत ने किया।

# बाल सुरक्षा सप्ताह... साइबर ठगी के खिलाफ रक्षा टीम कर रही छात्रों को जागरूक

- पी.डी. कॉलेज के छात्रों को बताया गया सोशल मीडिया पर ठगी के तरीके और बचाव के उपाए



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर महिला पुलिस रक्षा टीम जागरूकता कार्यक्रम के जरिए साइबर ठगी से लोगों को बचाने जागरूक कर रही है। जिले में बाल सुरक्षा सप्ताह के दौरान रक्षा टीम के साथ पुलिस अधिकारीगण स्कूली छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों, पाक्सो एक्ट, यौन अपराधों, घरेलू हिंसा की जानकारी दिया जा रहा है।

उप सेनानी सुरेशा चौबे के हमराह रक्षा टीम द्वारा पी.डी. कलेज के छात्र छात्राओं को सायबर अपराधों के संबंध में जानकारी दिया गया। छात्रों को बताया गया कि साइबर ठगी की घटनाओं में एकाएक तेजी आ गई है। साइबर ठग स्वयं काल सेंटर संचालित कर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, इसलिए हर समय जागरूक रहना है। मोबाइल का प्रयोग करते समय बेहद सावधान रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम पर कई सारे फेक आई उपलब्ध है, अपने नीजी फोटो, विडियो सोशल मीडिया फ्रेंड से शेयर ना करें। इस दौरान सुरेशा चौबे द्वारा छात्रों के पूछे गये रोचक सवालों के जवाब भी दिये गये।

रक्षा टीम प्रभारी ए.एस.आई. मंजु मिश्रा बताई कि मोबाइल पर किसी भी प्रकार से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोनकाल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी को साझा ना करें। आपकी सहायता करने के लिए आपको यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर जानकारी मांगता है, तो उसे जानकारी ना दें। छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी "अभिव्यक्ति ऐप" की विशेषताएं कर उनके मोबाइल पर इंस्टाल कराया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्रओं के साथ अध्यापकगण व रक्षा टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# छिन्द गांव के गौठान में गोमूत्र क्रय एवं उत्पाद निर्माण, ब्रम्हास्त्र जीवामृत बनाने दिया गया प्रशिक्षण



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम के निर्देशन में आज शासन की बहुआयामी गोधन न्याय योजना के तहत छिन्द ग्राम, सारंगढ़ के गौठान स्थल में कृषि विभाग के द्वारा गोमूत्र क्रय एवं उत्पाद निर्माण, ब्रम्हास्त्र जीवामृत बनाने संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विस्तार अधिकारी के.पी.पटेल द्वारा ब्रम्हास्त्र, बीज जनित रोग एवं जीवामृत के संबंध में उपस्थित गौठान समिति एवं समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया।

ब्रम्हास्त्र की निर्माण विधि के बारे में बताया गया जिसमें 10 लीटर गोमूत्र, बेलपत्ती, आख, धतूरा, नीम एवं सीताफल की पत्ती को एक एक पाव की मात्रा में मिट्टी के बर्तन में डुबाकर रखना है और इसे डेढ़ से दो लीटर के हिसाब से प्रति एकड़ इसका छिड़काव किया जा सकता है। बीज जनित रोग- 5 लीटर गोमूत्र, 50 ग्राम चूना एवं 20 लीटर पानी, बरगद पेड़ के नीचे की मिट्टी इन सभी को मिश्रित कर 24 घंटे के लिए रखना है। बीज बोने के एक दिन पहले छाया में रखना है। जीवामृत बनाने के लिए 200 लीटर पानी, 10 किलो ताजा गोबर, 2 किलो गुड़ या बेसन 1 किलो बरगद के पेड़ के नीचे की मिट्टी में छायादार जगह में बनाना है, जूट के बोरे में ढंककर इसे घड़ी की दिशा में घुमाना है एवं 5 से 7 दिन रखना है। जीवामृत तैयार है। प्रशिक्षण में आए कृषक गोकुल साहू ने 5 लीटर गोमूत्र की खरीदी किया। उक्त प्रशिक्षण के दौरान सारंगढ़ सीईओ अभिषेक बैनर्जी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जीपी गुप्ता, कृषि विभाग के अन्य अधिकारीगण, ग्राम पंचायत के सदस्य, गौठान समिति और स्व-सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

# लैलूंगा के दूरस्थ अंचल बसंतपुर में लगा वृहद समाधान शिविर : 3212 मरीजों को मिला स्वास्थ्य शिविर का लाभ, मौके पर नन्हें बच्चों को मिला जाति प्रमाण-पत्र

- लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार हुए शामिल
- शिविर में लोगों को मिली विभागीय योजनाओं की जानकारी







**रायगढ़।** जिले में 'सरकार तुंहर द्वार' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत वृहद समस्या समाधान शिविर एवं मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन लैलूंगा विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम-बसंतपुर में किया गया। इस दौरान मौके पर 942 मांग एवं शिकायतों से संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। वहीं स्वास्थ्य शिविर में 3212 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा 90 मरीजों को रेफर के लिए चिन्हांकित किया गया।

लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समस्या समाधान शिविर एवं मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन होना सराहनीय पहल है। जिसमें एक ही स्थान पर स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण के साथ शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मेगा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से जिले के विभिन्न गांवों के लोगों को एक ही जगह पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच और इलाज की सुविधा मिली है। लैलूंगा विकासखण्ड के सभी लोग इस स्वास्थ्य शिविर में लाभांवित हुए हैं। विधायक सिदार ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य हित के लिए इस तरह का आयोजन मैं पहली बार देख रहा हूं। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित जनसमूहों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं सभी वर्गो के लिए हितकर साबित हो रही है। जिसका सीधा फायदा लोगों को मिल रहा है। महिलाएं गोठान में संचालित आय मूलक गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। आज शहर से लेकर गांवों तक सभी बच्चे इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ रहे है। किसानों को धान के बदले अन्य फसलों में आदान सहायता मिली है। वहीं ग्रामीण भूमिहीन मजदूर को भी लाभ मिला है।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष किरण पैकरा ने आयोजित शिविर को जिला प्रशासन की अच्छी पहल बताया। उन्होंने कहा कि शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित है, यहां आकर अपनी समस्या बताए, निश्चित रूप से उसका समाधान होगा। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित अन्नप्रासन्न कार्यक्रम में शामिल माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं व बच्चों के खानपान का विशेष ख्याल रखे, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न होने पाए।

कलेक्टर रानू साहू की पहल पर जिले में 'सरकार तुंहर द्वार' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत समाधान शिविर के पूर्व डोर टू डोर सर्वे भी विभागों द्वारा किया गया था। सीईओ जनपद पंचायत बीरेंद्र रॉय ने जानकारी दी कि डोर टू डोर सर्वे तथा आयोजित शिविर में प्राप्त कुल आवेदनों 5862 में से 1582 का निराकरण कर लिया गया है। शेष आवेदनों पर त्वरित निराकरण विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशोमती सिंह सिदार, देवेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत किरण पैकरा, उपाध्यक्ष लखन लाल सारथी, जनपद सदस्य रायमति चौहान, मनोज सतपत्ती, सरपंच बसंतपुर सत्यबती पैकरा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, एसडीएम लैलूंगा पी.के. गुप्ता, सीईओ जनपद लैलूंगा बीरेन्द्र रॉय, सीईओ खरसिया हिमांशु साहू, बसंत प्रधान, जयलाल माझी, राजेन्द्र वैष्णव, गिरधारी लाल यादव, विनय जायसवाल, हृदयराम सिदार सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक, आदिवासी विकास विभाग, राजस्व विभाग, रेशम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य विभाग, उद्यानिकी, शिक्षा, वन एवं जलवायु परिर्वतन, विद्युत विभाग, जल संसाधन, परिवहन, कृषि, मछली पालन, पशुधन समाज कल्याण, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टाल लगाये थे। जिसमें उन्होंने जनसामान्य को विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान किए।

### विधायक सिदार ने नन्हीं एंजल और अयान लकड़ा को प्रदाय किया जाति प्रमाण पत्र

विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने समस्या समाधान शिविर में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारी से मिलते हुए वहां मौके पर उपस्थित लोगों से शिविर के संबंध में फीडबैक लिया। शिविर में उन्होंने नन्हीं एंजल लकड़ा और अयान लकड़ा पिता अनिल लकड़ा, निवासी झारामा को जाति-प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार स्कूली छात्राओं को सायकल, जाति प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, किसानों को पट्टा वितरण, ऋण पुस्तिका, समूहों का लोन स्वीकृति दस्तावेज, मत्स्य पालकों को जाली वितरण, राशन कार्ड, पौधा, किसानों को चेक आदि प्रदान किए।

### स्वास्थ्य शिविर में 3212 मरीज हुए लाभान्वित

सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि मेगा हेल्थ कैंप के माध्यम से आज कुल 3212 मरीज लाभान्वित हुए है। इनमें अस्थि रोग के 127, कैंसर रोग के 7, हृदय रोग-32, मूत्र रोग-27, न्यूरोलॉजी-59, मेडिसिन विभाग में 128 लोग लाभान्वित हुए। इसी तरह सर्जरी-31, स्त्रीरोग-81,नेत्र रोग-103, शिशुरोग-88, चर्मरोग-64, मनोरोग-46, कान नाक एवं गला में 101, ऑडियोलॉजिस्ट-26, आयुर्वेद-405, अन्य सामान्य मरीज 1831, आयुष्मान कार्ड में 56 लोग शामिल है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480